# छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर
**पेंशनबाड़ा, रायपुर (छ.ग.) 492001**
Web.: cgvyapam.choice.gov.in, E-mail :cgvyapam@gmail.com
**दूरभाष** – 0771 - 4019274, 4024008, **फैक्स** – 0771 – 4019287


## भाग –'ब'
## परीक्षा निर्देश

### श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, रायपुर के अंतर्गत सहायक श्रम पदाधिकारी एवं श्रम निरीक्षक के पद पर सीधी भर्ती परीक्षा –2015

1. परीक्षा की तिथि – 22 नवंबर 2015, रविवार,

2. परीक्षा का समय – पूर्वान्ह 9.00 से 12.15 बजे तक

3. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – 13.10.2015 (मंगलवार)

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भरने की अंतिम तिथि | – 27.10.2015,रात्रि 11.59 तक (मंगलवार) |
| ऑनलाइन आवेदन कर ऑफलाइन पेमेंट हेतु **SBI Bank** के चालान प्राप्त करने की अंतिम तिथि | – 29.10.2015, सायं 5.00 तक (गुरूवार) |
| ऑफलाइन (**SBI Bank** के चालान द्वारा) पेमेन्ट की अंतिम तिथि | – 30.10.2015 बैंक के कार्यालयीन समय तक (शुक्रवार) |

4. परीक्षा शहर एवं कोड –अम्बिकापुर (11), बिलासपुर (13),दुर्ग (16), जगदलपुर (17), रायपुर (25)

5. परीक्षा शुल्क –

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग | – 450/– |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | – 350/– |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्तजन | – 300/– |

टीप – त्रुटि सुधार के लिए हार्ड कॉपी/सॉफ्ट कॉपी में भेजा गया कोई भी आवेदन व्यापम द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा । आवेदन पत्र एवं ओ.एम.आर. उत्तरशीट की प्रविष्टियों में अंतर पाये जाने पर उत्तरशीट की प्रविष्टियों के आधार पर परीक्षा परिणाम जारी किया जावेगा ।

परीक्षा के दिन उत्तरशीट में (**Answer Sheet**) में श्रेणी (**Category**), वर्ग (**Class**), जन्म् तिथि (**Date Of Birth**) आदि में की गई प्रविष्टियों के आधार पर ही परीक्षा परिणाम जारी किये जायेगें । परीक्षा के पूर्व या परीक्षा परिणाम के बाद त्रुटि सुधार संबंधी कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

**आवेदन पत्र भरने से पहले आवश्यक दिशा निर्देशों को अत्यंत सावधानी से पढ़ें तथा सेम्पल फार्म (नमूना आवेदन पत्र) का अवलोकन करें ।**

**ध्यान रहे –**

1. **3.5 से.मी. चौड़ाई x 4.5 से.मी. लंबाई का फोटो, जिसका अधिकतम साइज 50 kb का एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, फोटो, हस्ताक्षर, नाम तथा अँगूठा निशान इन चारों को एक ही पेपर पर निर्दिष्ट स्थान पर (मिले हुए फार्मेट में) रखकर स्कैन (SCAN) कराकर JPEG फाईल के रूप में सेव (Save) करके रखें ।**
2. **शुल्क अदायिगी के लिए बैंक का डेबिट कार्ड (ए.टी.एम. कार्ड)/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा होना आवश्यक होगा। अतः सम्बंधित पासवर्ड एवं अन्य जानकारी तैयार रखें ।**

## महत्वपूर्ण जानकारी

**1. पात्रता :–** आवेदन हेतु पात्रता के संबंध में विभागीय नियम देखें । केवल वे अभ्यर्थी पात्र होंगे जो विभागीय नियमों में दी गई शर्तें पूरी करते हों। **मात्र आवेदन पत्र प्रेषित करना अथवा परीक्षा में सम्मिलित होना अभ्यर्थी को पात्र नहीं बनाता है ।**

**2. ऑनलाइन आवेदन करने की विधि :–**

Application Form में क्लिक करते ही "ON LINE APPLICATION FOR सहायक श्रम पदाधिकारी एवं श्रम निरीक्षक **(LOI) 2015** भर्ती परीक्षा से एक पेज खुलेगा" जिसमें दी गई जानकारी अनुसार कार्य करें ।

1. क्या आप छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी हैं ? 0 हॉ 0 नहीं ।
2. क्या विज्ञापित पद के लिये अपेक्षित अर्हताएं रखते हैं ? 0 हॉ 0 नहीं ।

ऊपर दर्शाये गये पद हेतु आप योग्यता रखते हों तो बॉक्स में हॉ (YES) को सेलेक्ट कर आवेदन कर सकते है । नहीं (NO) सलेक्ट करने पर आप आगे आवेदन नहीं कर सकते।

3. क्या आप रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हैं ? 0 हॉ 0 नहीं ।

**पंजीयन क्रमांक** [ ]

**इस परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीद्वारों को कार्यभार ग्रहण करने दिनांक तक रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रस्तुत करना होगा।**

**Exam Applied For :** (आवेदित परीक्षा) :–

**(अभ्यर्थी एक ही ऑनलाइन आवेदन में एक या दोनों पद हेतु विकल्प दे सकते हैं)**

0 सहायक श्रम पदाधिकारी पद के लिए
0 श्रम निरीक्षक पद के लिए
0 सहायक श्रम पदाधिकारी एवं श्रम निरीक्षक दोनों पद के लिए ।

इसके पश्चात् अभ्यर्थी के संबंध में बिन्दुवार मांगी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक भरें, जो निम्नानुसार है (एक बार आवेदन पत्र जमा करने के बाद किसी भी प्रकार का कोई भी त्रुटि सुधार का आवेदन किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगा) :–

1. बिन्दु क्रमांक 1 में Candidates Name- अभ्यर्थी अपना नाम अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में दसवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार लिखें ।
2. बिन्दु क्रमांक 2 – Father/Mother/Husband –(पिता, माता, पति) में किसी एक को सेलेक्ट कर उसके नीचे में स्थित बॉक्स में नाम केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री/श्रीमती/स्व. आदि न लिखें ।
3. बिन्दु क्रमांक 3 Date of Birth- जन्मतिथि को (दसवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार) दिनांक, माह एवं वर्ष में ड्राप डाउन बॉक्स से सेलेक्ट करें । (जैसा कि 27 दिसंबर 1987 को दिनांक के बॉक्स में 27, माह के बॉक्स में दिसंबर एवं वर्ष के बॉक्स मे 1987 सेलेक्ट करें)
4. बिन्दु क्रमांक 4 – Gender में (लिंग) पुरूष, महिला या तृतीय लिंग सेलेक्ट करें।
5. बिन्दु क्रमांक 5 – Category (श्रेणी) में जनरल/एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. जिससे आप सम्बंधित है, सेलेक्ट करें।(तद्नुसार देय परीक्षा शुल्क दर्शित होगा)
6. बिन्दु क्रमांक 6 – Ex Service Man (भूतपूर्व सैनिक) इसमें क्या आप भूतपूर्व सैनिक है ? Yes or No को सेलेक्ट करें।
7. बिन्दु क्रमांक 7 – Physically Handicapped (PH) में (विकलांग वर्ग) क्या आप विकलांग वर्ग (a) दृष्टि बाधित, (b) श्रवण बाधित, (c) अस्थि बाधित है, तो Yes सेलेक्ट करें। Physicaly Handicapped को सलेक्ट करते है, तो निर्धारित शुल्क प्रदर्शित होगा।
8. बिन्दु क्रमांक 8 (Height) ऊँचाई – अपनी ऊँचाई सेंटीमीटर में लिखें ।
9. बिन्दु क्रमांक 9 (Weight) वजन– अपना वजन किलोग्राम में लिखें ।
10. बिन्दु क्रमांक 10 (फोटो, सिग्नेचर, नाम, अंगूठे का निशान के सम्बंध में) – (Download Image Format) **डाउन लोड इमेज फार्मेट में क्लिक कर उस पेज का प्रिंट निकाले एवं उसमें फोटो के स्थान पर 3.5 से.मी. चौड़ाई x 4.5 से.मी. लंबाई का फोटो, चिपकाऐं। उसके नीचे में दर्शाये गये बॉक्स में अपना नाम लिखें उसके नीचे हस्ताक्षर करें । उसके नीचे के बॉक्स में बॉयें हाथ के अँगूठे का स्पष्ट निशान लगावें । फोटो, हस्ताक्षर, नाम तथा अँगूठा निशान इन चारों को एक ही पेपर पर निर्दिष्ट स्थान पर (मिले हुए फार्मेट मे) रखकर (jpeg फार्मेट में) स्कैन (SCAN) कराकर फाईल के रूप में जिसका अधिकतम साइज 50 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव करके रखें । (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें)। इस प्रकार सेव करके रखे हुए फाइल को यहॉ पर ब्राउस पर क्लिक करके अपलोड करें ।**

    Upload **क्लिक करने पर अलग से विंडो खुलेगा जिसमें आपका फोटो, नीचे में नाम, हस्ताक्षर एवं उसके नीचे अँगूठे का निशान दिखाई देगा ।**
11. बिन्दु क्रमांक 11 में Marital Status: (वैवाहिक स्थिति) – यदि आप विवाहित है तो हॉ Yes अन्यथा नहीं No को सेलेक्ट करें ।

    If Yes विवाह की तारीख Marriage Date – अपने विवाह की तारीख को तिथि, माह एवं वर्ष में अंकित करें ।

    If you have more than two live children यदि आपके दो से अधिक जीवित संतान है, तो हॉ Yes को सेलेक्ट करें अन्यथा No को सलेक्ट करें।

    If Yes, The third surviving child`s date of birth तीसरे जीवित बच्चे की जन्मतिथि को दिन, माह एवं वर्ष में अंकित करें ।

12. बिन्दु क्रमांक 12 (Two Identification Marks) पहचान चिन्ह – अभ्यर्थी अपने शरीर के दृष्टिगोचर भाग पर दो पहचान चिन्ह (तिल, मसा आदि) यहां पर अंकित करें ।

13. बिन्दु क्रमांक 13 (Contact Information) पत्राचार हेतु पूरा पता – अभ्यर्थी अपना डाक का पता को House No. में मकान नंबर (यदि हो तो) Street Name में सड़क/मोहल्ला का नाम, City/Village में शहर/गॉव का नाम, Post Office में अपने डाकघर अंकित करें। District में अपना जिले का नाम सेलेक्ट करें । State में यदि आप छत्तीसगढ़ राज्य के हैं तो छत्तीसगढ़ को सेलेक्ट करें अन्यथा Other को सेलेक्ट कर अपने राज्य का नाम और जिले का नाम अंकित करें । पिन में अपने डाकघर का पिन कोड अंकित करें । यह जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कृपया स्पष्ट एवं सुसंगत जानकारी देवें, जिससे संबंधित कार्यालय से भेजा गया पत्र आपको प्राप्त हो सके।

**14.** बिन्दु क्रमांक 14 (Mobile No.) में अपना 10 डिजिट का मोबाइल नंबर अंकित करें । मोबाइल नंबर के पहले शून्य (0) न लिखें ।

**15.** बिन्दु क्रमांक 15 में (Email)- प्रत्येक आवेदक का ईमेल आई.डी होना अनिवार्य है । यदि नहीं है तो अपना ईमेल आई.डी. अवश्य बना लें तथा इस वैध ईमेल आई डी को इस खंड में अंकित करें । आपसे सम्बंधित सभी जानकारी जैसा कि आपके द्वारा भरा गया फार्म का विवरण, एडमिट कार्ड आदि इसी ई.मेल आई.डी. में व्यापम द्वारा भेजा जायेगा । **पोस्ट ऑफिस के माध्यम से एडमिट कार्ड या कोई भी जानकारी नहीं भेजी जावेगी ।**

16. बिन्दु क्रमांक 16 (Exam City Preference) परीक्षा शहर – परीक्षा हेतु निर्धारित 05 शहर अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर में जहॉ आपको परीक्षा देना है उसे सेलेक्ट करें।

17. बिन्दु क्रमांक 17 (Declaration) घोषणा – इसमें यह दिया गया है कि –
''मैंने नाम, श्रेणी, वर्ग, लिंग, परीक्षा शहर, पता आदि सभी प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक एवं सत्यता से अंकित किये हैं। भर्ती हेतु उक्त परीक्षा 2015 के लिए निर्धारित सभी शर्तों से मैं सहमत हूँ और सभी अनुदेशों को मानने के लिए मैं बाध्य हूँ । मैं घोषणा करता/करती हूँ कि जिस परीक्षा के लिए मैंने आवेदन भरा है उसके लिए निर्धारित अर्हतायें रखता/रखती हूँ । उपरोक्त परीक्षा के किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर, मुझे सूचना दिये बगैर, मेरी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है ।'' को पढ़ लेवें।

18. बिन्दु क्रमांक 18 में उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 17 में दी गई Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए I Agree पर क्लिक करें ।

19 बिन्दु क्रमांक 19 Please enter the code shown below -
उपरोक्त सभी खण्डों को भरने (बिना खाली छोड़े) के पश्चात सिक्यूरिटी कोड को उसके ऊपर वाले बॉक्स में उसी प्रकार एंटर करें (अर्थात केपिटल लेटर्स को केपिटल लेटर्स में, स्माल लेटर्स को स्माल लेटर्स में तथा अंको को अंको में लिखें) । **इसके पश्चात Submit में क्लिक करने पर Please Confirm नाम का एक विन्डों खुलेगा जिसमें लिखा होगा ''कृपया ध्यान दें कि, एक बार उपलब्ध करायी गई जानकारी बाद में संशोधित नहीं की जा सकती है । आपको उसके लिए फिर से आवेदन करना होगा । क्या आप आगे बढ़ना** (Continue) **चाहते हैं या संशोधन** (Edit) **करना चाहते है ?**

**यदि आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों से आप सहमत हैं तो Continue (आगे बढ़े) को क्लिक करें । यदि असहमत है और किसी प्रविष्टि को बदलना चाहते है तो Edit (संशोधन) को क्लिक करें, Edit (संशोधन) को क्लिक करने पर फिर से पूर्व आवेदन पत्र में चले जायेंगे जहां जो संशोधन या सुधार करना चाहते हैं, आप कर लेवें। ध्यान रहें कि एक बार आवेदन पत्र भरकर शुल्क जमा करने के बाद आवेदन पत्र में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार संभव नहीं है तथा सुधार संबंधी कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।**

Continue **(आगे बढ़े) को क्लिक** करने पर एक नया विन्डो खुलेगा, जिसमें Application Verification लिखा होगा । इसमें लिखे गये निर्देशों को सावधानी से पढ़े एवं नीचे दर्शाये गये **'भुगतान अनुभाग में जाने से पहले नीचे अपनी प्रविष्टियों की पुष्टि करें'** के अनुसार आपके द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई सभी प्रविष्टियों से संतुष्ट होने के पश्चात Pay पर क्लिक करें। यदि अपने द्वारा दी गई जानकारी में त्रुटि पाते हैं एवं उससे संतुष्ट नहीं होते हैं तो नये सिरे से आवेदन पत्र को भरना होगा, जिसके लिए ऊपर में **''फिर से फार्म भरने के लिए यहॉ क्लिक करें ''** का उपयोग कर सकते हैं।

Pay पर क्लिक करने पर एक नया विन्डो खुलेगा जिसमें Registration Initiated लिखा होगा एवं इसमें आपका Registration ID एवं आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि लिखा होगा । कृपया अपने भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ट्रॉन्जेक्शन स्थिति की जॉच करें । परीक्षा शुल्क पेमेंट के लिए दो पेमेंट गेटवे उपलब्ध है । (1) ICICI BANK (2) STATE BANK OF INDIA । यदि ICICI BANK में क्लिक करते हैं तो पेमेंट के लिए ऑनलाइन विधा उपलब्ध होगा । यदि ऑनलाइन सेलेक्ट करते हैं तो इस विधा से किसी भी बैंक का डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिग की सुविधा में से किसी एक को आप चुन सकते हैं। परीक्षा शुल्क के साथ आवश्यक बैंक ट्रॉन्जेक्शन चार्जेस देय होगा।

यदि आप परीक्षा शुल्क के भुगतान हेतु STATE BANK के पेमेंट गेटवे को चुनते हैं, तो STATE BANK MOPS पेमेंट सिस्टम खुलेगा, जिसमें STATE BANK का नेट बैंकिग, किसी भी बैंक का डेबिट कार्ड तथा क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर परीक्षा शुल्क (बैंक चार्जेस सहित) का भुगतान किया जा सकता है। स्टेट बैंक के चालान द्वारा पेमेंट के लिए इसी में दर्शाया गया Other Payment Modes में S.B.I. Branch में क्लिक करने पर एक चालान फार्म खुलेगा जिसमें आपका रजिस्ट्रेशन आई.डी दर्शित होगा । इस चालान का प्रिंट लेकर किसी भी S.B.I. Branch में जाकर शुल्क (बैंक चार्जेस सहित) का भुगतान निर्धारित अंतिम तिथि तक कर सकते हैं । इसका काउंटर फाइल आप अपने पास सुरक्षित रख लेवें ।

20. परीक्षा के लगभग एक सप्ताह पूर्व एडमिट कार्ड इसी वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा इसे प्राप्त करने के लिए इसी वेबसाइट में अपना 12 कैरेक्टर का Registration ID डालकर इसे प्राप्त कर सकते हैं ।

    **पोस्ट ऑफिस के माध्यम से अलग से एडमिट कार्ड नहीं भेजा जायेगा।**

21. ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्य दिवसों में प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे (कार्यालयीन समय) के बीच 0771–4024008 नंबर पर केवल 13.10.2015 से 30.10.2015 तक संपर्क कर सकते हैं ।

22. परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम इन निर्देशों के अंत में दिया गया है जिसका अवलोकन कर लेवें, आवश्यक समझे तो प्रिंट आउट प्राप्त कर लिया जाये ।

## परीक्षा समन्वयक केन्द्रों के नाम

| क्र. | जिला | महाविद्यालय का नाम | फोन नंबर |
|---|---|---|---|
| 1. | अम्बिकापुर | राजीव गांधी शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, अम्बिकापुर | 07774–230921 |
| 2. | बिलासपुर | शासकीय पी.जी. कला/वाणिज्य महाविद्यालय, बिलासपुर | 07752–228225 |
| 3. | दुर्ग | विश्वनाथ तामस्कर शासकीय कला एवं विज्ञान महा.,दुर्ग | 0788–2211688 |
| 4. | जगदलपुर | शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | 07782–229340 |
| 5. | रायपुर | शासकीय नागार्जुन पी.जी. विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर | 0771–2263131 |

**3. परीक्षा कक्ष में प्रवेश :–**

(अ) परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित सामग्री लाएं–

(1) परीक्षा प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) – ऑनलाइन से प्राप्त प्रवेश पत्र में यदि फोटो प्रिंट न हुआ हो तो दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लेकर परीक्षा केन्द्र में जावें

(2) नीला/काला डाटपेन ।

(3) अभ्यर्थी अपने साथ मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस, पैन कार्ड, वोटर आई डी लेकर ही परीक्षा केन्द्र में आयेंगे जिससे कि उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सके । **मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने से उन्हें वंचित किया जायेगा ।**

नोट– अभ्यर्थी के पास अन्य सामग्री जैसे सामान्य केलकुलेटर, लॉगटेबिल साइंटिफिक केलकुलेटर, पेपर, मोबाईल फोन आदि पाये जाते है तो अभ्यर्थी का प्रकरण अनुचित साधन के प्रयोग (UFM) में दर्ज किया जावेगा।

(ब) परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट बाद परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

**4. परीक्षा पद्धति :–**

उपरोक्त पदों हेतु 150 अंक का एक प्रश्न पत्र होगा जिसमें कुल 150 प्रश्न होंगे, जिसकी समयावधि 3.00 घंटे की होगी ।

प्रत्येक प्रश्नपत्र में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे, जिसके चार विकल्प में से एक विकल्प सही होगा, सही विकल्प पर उत्तरशीट में नीले/काले डॉट पेन से गोला लगाना होगा।

**पाठ्यक्रम :–** पाठ्यक्रम एवं अन्य विवरण व्यापम की वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर उपलब्ध होगा।

**5. मूल्यांकन पद्धति :–**

प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिये गये होंगे । उनमें से एक उत्तर सही तथा तीन उत्तर गलत होंगे। प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने पर एक अंक एवं गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने पर (–) ऋणात्मक अंक का प्रावधान होने से एक गलत उत्तर पर 1/4 अंक काटे जायेंगे। परीक्षार्थी द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर अंकित नहीं किए जायेगें उनके लिये शून्य (Zero) अंक प्रदान किये जाएंगे।

**6. <u>दावा/आपत्ति का निराकरण</u> :–**

परीक्षा सम्पन्न होने के बाद व्यापम द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पत्र विश्लेषण पश्चात मॉडल उत्तर तैयार कराया जाता है तथा उसे व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है । यदि किसी परीक्षार्थी को व्यापम द्वारा जारी मॉडल उत्तर पर आपत्ति हो तो नियत अवधि के भीतर निर्धारित प्रारूप में सप्रमाण दावा/आपत्ति (किसी गाइड बुक का प्रमाण मान्य नहीं होगा।) व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या ईमेल आई.डी. cgvyapam@gmail.com से भेजा जा सकता है । प्रत्येक प्रश्न का दावा/आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करना होगा । एक साथ एक से अधिक प्रश्नों पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने पर अमान्य किया जायेगा । कितने भी प्रश्नों पर दावा/आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करने पर उन पर विचार किया जायेगा । बिना प्रमाण के दावा/आपत्ति अमान्य किया जावेगा । प्राप्त दावा/आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण पश्चात निराकरण किया जाता है तथा मॉडल उत्तर में आवश्यक संशोधन या निरसन पश्चात अंतिम उत्तर तैयार किया जाता है, जिसे व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है तथा उसी के आधार पर व्यापम द्वारा उत्तरशीट का मूल्यांकन किया जाता है । **व्यापम द्वारा जारी अंतिम उत्तर पर किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।**

**7. <u>त्रुटि पूर्ण प्रश्न, उसका निरस्तीकरण एवं बदले में दिया गया अंक</u> :–**

परीक्षा उपरांत छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रत्येक प्रश्न के परीक्षण पश्चात् मॉडल उत्तर एवं दावा/आपत्ति के निराकरण पश्चात अंतिम उत्तर तैयार कराया जाता है। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न को त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर निरस्त कर दिया जाता है। निम्नलिखित कारणों से प्रश्न निरस्त किए जा सकते हैं।

1. प्रश्न की संरचना गलत हो,
2. उत्तर के रुप में दिये गये विकल्पों में एक से अधिक विकल्प सही हो,
3. कोई भी विकल्प सही न हो,
4. किसी प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रुपांतर में अंतर हो जिस कारण दोनों के भिन्न–भिन्न अर्थ निकलते हों और एक भी सही उत्तर स्पष्ट न होता हो.
5 मुद्रण त्रुटि हुई हो जिससे सही उत्तर प्राप्त न हो ।

विषय विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई अनुशंसा अनुसार ऐसे निरस्त किए गए प्रश्नों के लिये सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में उनके द्वारा अर्जित अंकों के अनुपात में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल अंक प्रदान करता है, भले ही उसने निरस्त किए गए प्रश्नों को हल किया हो या नहीं।

उदाहण के लिए 150 प्रश्नों के प्रश्न पत्र जिसमें कुल अंक 150 है, में से 03 प्रश्न निरस्त किए जाते हैं और मूल्यांकन के बाद अभ्यर्थी 147 प्रश्नों में से 102 प्रश्नों का सही उत्तर अंकित करता है, तो बोनस अंक सहित अंकों की गणना इस प्रकार होगी –

$$\frac{\text{कुल सही उत्तरों की संख्या x कुल प्रश्न}}{\text{कुल प्रश्न – निरस्त प्रश्न}} = \frac{102 \times 150}{150 - 3} = 104.081$$

ऋणात्मक अंकों का प्रावधान होने से उक्त अंकों में से गलत उत्तरों पर अंक काटे जावेंगे पश्चात् प्राप्तांक का निर्धारण किया जावेगा । तद्नुसार मेरिट निर्धारित होगी ।

8. <u>परीक्षा परिणाम</u> :–

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा संबंधित विभाग के नियमों के आधार पर रेंकिंग सूची घोषित की जावेगी। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in **पर देख सकते हैं तथा प्रिंट प्राप्त** कर सकते हैं।

**व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा। मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जावेगी।**

9. <u>पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन</u> :–

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा **उत्तरशीट का मूल्यांकन ओ.एम.आर. मशीन से किया जाता है, अतः पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं रखा गया है।**

10. <u>क्षेत्राधिकार</u> (JURISDICTION) :–

**व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा संचालन तक सीमित है ।**

**नियंत्रक**
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

# भाग –'स'
# परीक्षा पाठ्यक्रम

## सहायक श्रम पदाधिकारी/श्रम निरीक्षक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम
### सामान्य अध्ययन एवं योग्यता परीक्षण

| | |
|---|---|
| | **भाग–1** |
| | **सामान्य अध्ययन** |
| | **(प्रश्न पत्र के इस भाग के 80 अंको के कुल 80 प्रश्न होंगे)** |
| **(1)** | **सामान्य अध्ययन :–** |
| 1. | भारत का इतिहास एवं भारत का स्वतंत्रता आंदोलन। |
| 2. | भारत का भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल। |
| 3. | भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था। |
| 4. | भारत की अर्थव्यवस्था। |
| 5. | सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी। |
| 6. | भारतीय दर्शन, कला साहित्य एवं संस्कृति। |
| 7. | समसामयिक घटनाएं एवं खेल। |
| 8. | पर्यावरण। |
| **(2)** | **छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान :–** |
| 1. | छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ का योगदान। |
| 2. | छत्तीसगढ़ का भूगोल, जलवायु, भौतिक दशाएं, जनगणना, पुरातात्विक एवं पर्यटन केन्द्र। |
| 3. | छत्तीसगढ़ का साहित्य, संगीत, नृत्य, कला एवं संस्कृति, जनऊला, मुहावरे, हाना एवं लोकोत्तियां। |
| 4. | छत्तीसगढ़ की जनजातियां, विशेष परंपराएं, तीज एवं त्यौहार। |
| 5. | छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था, वन एवं कृषि। |
| 6. | छत्तीसगढ़ का प्रशासनिक ढांचा, स्थानीय शासन एवं पंचायती राज। |
| 7. | छत्तीसगढ़ में उद्योग, ऊर्जा, जल एवं खनिज संसाधन। |
| 8. | छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं। |
| (1) | **GENERAL STUDIES :-** |
| 1. | story of India and Indian National Movement. |
| 2. | Physical, Social & Economic Geography of India. |
| 3. | Constitution of India & Polity. |
| 4. | Indian Economy. |
| 5. | General Science & Technology. |
| 6. | Indian Philosphy, Art, Litereture & Culture. |
| 7. | Current Affairs & Sports. |
| 8. | Environment. |
| (1) | **GENERALKNOWLEDGE OF CHHATTISGARH** |
| 1. | History of Chhattisgarh, & Contribution of Chhattisgarh in Freedom Movement |
| 2. | Geography, Climate, Physical status, Census, Archeological and Tourist Centres of Chhattisgarh. |
| 3. | Litrature, Music, Dance, Art and Culture, Idioms and Proverbs, Puzzle/riddle (जनऊला) Singing (हाना) of Chhattisgarh. |
| 4. | Tribes, Special Traditions, Teej and Festivals of Chhattisgarh. |
| 5. | Economy, Forest and Agriculture of Chhattisgarh. |
| 6. | Administrative Structure, Local Government and Panchayatiraj of Chhattisgarh. |
| 7. | Industry in Chhattisgarh, Energy, Water and Mineral Resource of Chhattisgarh. |
| 8. | Current Affairs of Chhattisgarh. |

| भाग–2 | |
|---|---|
| **(प्रश्न पत्र के इस भाग के 20 अंको के कुल 20 प्रश्न होंगे)** | |
| (1) | **कम्प्यूटर का सामान्य जानकारी :–** |
| 1. | कम्प्यूटर का उपयोग–कम्प्यूटर का उपयोग कहाॅ–कहाॅ एवं किस लिए किया जाता है इसकी सामान्य जानकारी। |
| 2. | कम्प्यूटर के प्रमुख भाग–सी.पी.यू. इनपुट डिवाईस, आउटपुट डिवाईस की सामान्य जानकारी |
| 3. | प्रिंटर के प्रकार–इंकजेट, लेजरजेट एवं अन्य प्रकार के प्रिंटर |
| 4. | आपरेटिंग सिस्टम के नाम–MS DOS, कमर्शियल एवं ओपन सोर्स, आपरेटिंग सिस्टम के नाम। |
| 5. | कार्यालय के उपयोग के लायक सामान्य माईक्रोसॉफट् ऑफिस के अंतर्गत वर्ड, एक्सेल एवं पॉवर पॉइंट की जानकारी। |
| 6. | इंटरनेट के उपयोग–ई–मेल, डाक्यूमेंट सर्चिंग, वेबसाईट सर्फिंग विभिन्न सरकारी विभागों के वेबसाईट की सामान्य जानकारी। |
| 7. | एंटीवायरस के उपयोग–कम्प्यूटर वायरस से होने वाले नुकसान एवं कम्प्यूटर वायरस की सामान्य जानकारी। |
| 8. | मल्टीमीडिया के उपयोग–ऑडियों, वीडियों एवं टेक्स्ट का उपयोग करने की सामान्य जानकारी। |
| 9. | सी.डी. / डी.व्ही.डी. से संबंधित सामान्य जानकारी। |
| 10. | गूगल, अलविस्ता, यू–ट्यूब की सामान्य जानकारी–सर्च इंजिन से वांछित जानकारी कैसे प्राप्त की जाए इसकी सामान्य जानकारी। |
| (1) | **GENERALKNOWLEDGE OF COMPUTER :-** |
| 1. | Uses of Computer - How and where to use Computer, It's general information |
| 2. | Important parts of Computer- General information of CPU, Input Device, Output Device |
| 3. | Types of Printer - Inkjet, LaserJet and other types of printer. |
| 4. | Name of Operating system - MS DOS, Commercial and open Source, Name of operating system. |
| 5. | General information for office uses - MS Office - Word, Excel, Power Point. |
| 6. | Uses of Internet - E-mail, Document searching, website surfing general information of government department's website |
| 7. | Uses of Antivirus - General information about computer virus and its ill effects. |
| 8. | Uses of Multimedia - General information about uses of Audio, Video and Text. |
| 9. | General information related to CD/DVD |
| 10. | General information of Google, Alvista, You-tube - How to collect desired information to Search Engine It's general information. |

| भाग–3 | |
|---|---|
| **योग्यता परीक्षण** | |
| (प्रश्न पत्र के इस भाग के 50 अंको के कुल 50 प्रश्न होंगे) | |
| 1. | संचार कौशल सहित पारस्परिक कौशल। |
| 2. | तार्किक तर्क और विश्लेषणात्मक क्षमता। |
| 3. | निर्णय क्षमता और समस्या निवारण क्षमता। |
| 4. | सामान्य मानसिक योग्यता। |
| 5. | मूल संख्यात्मक कार्य (सामान्य गणितीय कौशल) (स्तर–कक्षा दसवीं) आंकड़ो की व्याख्या (चार्ट, रेखांकन, तालिकाएं, आंकड़ों की पर्याप्तता इत्यादि) (स्तर–कक्षा दसवीं)। |
| 6. | अंग्रेजी भाषा ज्ञान (स्तर–कक्षा दसवीं) |
| 7. | हिन्दी भाषा ज्ञान (स्तर–कक्षा दसवीं) |
| 8. | छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान। |
| | अंग्रेजी भाषा ज्ञान, हिन्दी भाषा ज्ञान और छत्तीसगढ़ी भाषा से संबंधित प्रश्न उसी भाषा में होगें, इनका अनुवाद उपलब्ध नहीं होगा। |
| **Aptitude Test :-** | |
| 1. | Interpersonal skills including communication skills ; |
| 2. | Logical reasoning and analytical ability |
| 3. | Decision making and problem solving |
| 4. | General mental ability |
| 5. | Basic numeracy (numbers and their relations, orders of magnitude etc.) (Class X level), Data interpretation (charts, graphs, tables, data sufficiency etc. - Class X level). |
| 6. | Knowledge of English Language (Class X level) |
| 7. | Knowledge of Hindi Language (Class X level) |
| 8. | Knowledge of Chhattisgarhi Language |
| | Knowledge of English Language, Hindi Language and Chhattisgarhi Language will be tested in English, Hindi and Chhattisgarhi Language only without providing translation. |

-------------------------------------